'टु गांधी जी विथ स्पेलिंग मिस्टेक' का मंचन

नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो : एसएनबी

बरेली- (एसएनबी)। एसआरएमएस रिद्धिमा में ख्वाजा असमद अब्बास लिखित छोटी कहानी "लेटर फ्राम द चाइल्ड" पर आधारित नाटक "टु गांधी जी विथ स्पेलिंग मिस्टेक" का मंचन किया गया। इसमें बच्चों ने देश के विभाजन के बाद बदले हुए हालात, हिंदू और मुसलमानों के बीच बढ़ रही दूरियों को बयान किया।

इंग्लिश में पत्र लिखते समय स्पेलिंग में गलतियां होती हैं और परिस्थितियां हास्य की बनती हैं, जो सामाजिक व्यवस्था पर चोट करती हैं। जहां देश के विभाजन के बाद दिल्ली के एक मुहल्ले के बच्चों और जैनब के बीच बातचीत हो रही होती है। इसमें हिंदू भी हैं और मुसलमान भी। बड़ों के आपसे में लड़ने से परेशान और देश के हालात को बताने के लिए बच्चे गांधी जी से मिलना चाहते हैं। उनसे बात करना चाहते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से गांधी जी की हत्या हो चुकी है।

ऐसे में वो मानते हैं कि उन्हें पत्र लिखकर स्वर्ग या जन्नत भेजा जाय। जहां बापू उसे पढ़ें और उन्हें देश के हालात की जानकारी हो सके। बच्चे इंग्लिश में पत्र लिखने का फैसला करते हैं। नाटक गांधी जी के अहिंसा के दर्शन के सार्वजनिक महत्व को बयां करता है। बदली परिस्थितियों में गांधी जी को वापस आने और फिर देश में सभी समुदायों में एकता स्थापित करने की गुजारिश करते हैं। अंत में जैनब नातिन को बताती है कि वह भी अपने वालिद के साथ वतन हिंदुस्तान को छोड़कर पाकिस्तान आ गये।

देश के विभाजन के बाद का दर्द व समस्याओं की ओर खींचा दर्शकों का ध्यान

पियरोट्स ट्रूप द्वारा मंचित नाटक का निर्देशन डा.एम सईद आलम ने किया। इसमें जैनब का रोल भूमि, राधा का रोल आरिफ, अनवर का रोल प्रिंस, सूर्य प्रकाश का यश, शिजी का एलीना, भीम सिंह चौकीदार का फ्रैंको और गुरविंदर का रोल अंकित ने बखूबी निभाया।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति जी, सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार सहित शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।